# Govt. College Sainj (H.P.)
# College Activity

| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Date / दिनांक | 9-13 Feb, 2026 |
| 2 | Name of Activity | **Participation in North-Zone Football Championship (Women)** |
| 3 | Name of Department Organizing the Activity | Chaudhry Bansi Lal University Bhiwani (Haryana) 2025-26 |
| 4 | Name of Collaborating Agency (IfAny) | Na |
| 5 | No. of Student /Participants | 02 |
| 6 | No. of Teacher Participants | NA |

**7** Brief Report
संक्षिप्त प्रतिवेदन

## सैंज महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण, दो छात्राओं का हुआ इंटर- यूनिवर्सिटी (फुटबॉल) में चयन:

न्यूज टोपीकल लाइव।सोनी सैंज 09 फरवरी

सैंज महाविद्यालय की दो छात्राओं का इंटर-यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। चयनित छात्राओं के नाम ममता ठाकुर एवं पूजा देवी, जो वर्तमान में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएं हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भिवानी, हरियाणा में आयोजित की जाएगी। दोनों छात्राएं न केवल खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, बल्कि पढ़ाई में भी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता देवी ने छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं खेल प्रभारी प्रोफेसर प्रेम नेगी ने भी दोनों छात्राओं को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ममता ठाकुर और पूजा देवी ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरी सैंज घाटी का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि के लिए दोनों बेटियों को शुभकामनाएं दी।

फूटबॉल खिलाड़ी पूजा देवी (दांय) ममता ठाकुर (बांय)

## डिग्री कॉलेज सैंज की दो छात्राएं भिवानी हरियाणा के मैदान में मचाएंगी धमाल

सैंज, ( झावे राम ठाकुर )। सैंज महाविद्यालय के लिए यह बेहद गर्व और खुशी का पल है कि कॉलेज के दो होनहार छात्राओं का चयन नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे सैंज क्षेत्र में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है। चयनित खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ने आज उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। महाविद्यालय प्रशासन, प्राचार्य, खेल प्रभारी तथा समस्त स्टाफ ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और सैंज महाविद्यालय खेल क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।क्षेत्रवासियों ने भी दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगी । सैंज डिग्री कॉलेज की दो होनहार छात्राओं का चयन हरियाणा के भिवानी में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न सिर्फ कॉलेज बल्कि पूरे सैंज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। दोनों छात्राएं अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर इस मुकाम तक पहुंची हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाने को तैयार हैं। कॉलेज प्रशासन, प्राध्यापकों और साथी छात्रों ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि सैंज की ये बेटियां भिवानी में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश व सैंज क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। सैंज घाटी की दो होनहार बेटियों ममता ठाकुर और पूजा देवी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और संघर्ष से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे सैंज क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। बताया जा रहा है कि ममता ठाकुर और पूजा देवी ने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और निरंतर प्रयासों से यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने दोनों को बधाइयाँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सैंज महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण, दो छात्राओं का हुआ इंटर-यूनिवर्सिटी (फुटबॉल) में चयन

हिम जनक्रांति

सैंज (प्रेम सागर चौधरी)। सैंज महाविद्यालय की दो छात्राओं का इंटर-यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। चयनित छात्राओं के नाम ममता ठाकुर एवं पूजा देवी, जो वर्तमान में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएं हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भिवानी, हरियाणा में आयोजित की जाएगी। दोनों छात्राएं न केवल खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, बल्कि पढ़ाई में भी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता देवी ने छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं खेल प्रभारी प्रोफेसर प्रेम नेगी ने भी दोनों छात्राओं को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ममता ठाकुर और पूजा देवी ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरी सैंज घाटी का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय परिवार की ओर से दोनों बेटियों को ढेरों शुभकामनाएं।

Organizer

Principal
Govt. College Sainj (H.